an>

title: Issue regarding incident of rape and murder of a school teacher in Mau district in Uttar PRadesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर **(कौशाम्बी) :** महोदय, पूर्वांचल का मैनचेस्टर कहे जाने वाले मऊ में दरिन्दों ने एक शिक्षिका की गरिमा को तार-तार कर दिया। गुलौरी ग्राम सभा में थाना हलधरपुर में स्कूल परिसर में एक शिक्षिका के साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। जब उसके परिजन एफ.आई.आर. कराने के लिए थाने पर गए तो उनकी एफ.आई.आर. नहीं लिखी गई। एफ.आई.आर. के लिए दिया गया उनका प्रार्थना-पत्र फाड़कर फेंक दिया गया और अपनी मर्जी से प्रार्थना-पत्र लिखवाकर एफ.आई.आर. करने और जाँच करने का काम किया।

मैं देश के गृह मंत्री जी एवं महिला आयोग से निवेदन करता हूँ कि विषय की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप करें।